पंजाब केसरी
FRI,31 JULY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# सितम्बर कम्पार्टमैंट व आवश्यक सुधार परीक्षा के लिए 376 छात्रों को विशेष मौका

## बोर्ड विद्यार्थियों के हित में ऐसे अवसर प्रदान करता रहेगा : डा. राजेश

धर्मशाला, 30 जुलाई (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च-2026 परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन व पुन: जांच परिणामों के बाद 376 विद्यार्थियों को बड़ा राहतभरा अवसर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि 222 मैट्रिक और 154 जमा दो अभ्यर्थियों को सितम्बर-2026 में आयोजित कम्पार्टमैंट व आवश्यक सुधार परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है। यह परीक्षा राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षा के साथ ही आयोजित होगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 3 अगस्त से शुरू होकर 6 अगस्त तक बिना विलंब शुल्क के चलेगी, जबकि 10 अगस्त तक 1000 लेट फीस के साथ आवेदन किया जा सकेगा। मैट्रिक व जमा दो कम्पार्टमैंट तथा आवश्यक सुधार परीक्षा के लिए शुल्क 700 तय किया गया है। बोर्ड अध्यक्ष ने पात्र विद्यार्थियों से समय सीमा के भीतर अपने-अपने विद्यालयों के माध्यम से आवेदन करने की अपील की है।



साथ ही स्कूल प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी योग्य छात्रों तक जानकारी पहुंचाकर समय पर आवेदन सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्य परीक्षा के आंतरिक मूल्यांकन व प्रायोगिक अंकों की मान्यता यथावत रहेगी। अपूर्ण या निर्धारित प्रक्रिया से अलग किए गए आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। डा. शर्मा ने कहा कि बोर्ड विद्यार्थियों के हित में ऐसे अवसर प्रदान करता रहेगा, ताकि वे अपने शैक्षणिक भविष्य को बेहतर दिशा दे सकें।

# सितंबर में होगी पूरक परीक्षा

## दसवीं और 12वीं के विद्यार्थियों को राहत, तीन अगस्त से करें आवेदन

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं (मैट्रिक) और 12वीं (जमा दो) के छात्रों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए उन्हें राहत प्रदान की है। मार्च 2026 की वार्षिक परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनः जांच (री-चेकिंग) के परिणाम आने के बाद, 376 छात्रों को सितंबर में होने वाली कंपार्टमेंट और आवश्यक श्रेणी सुधार परीक्षा में बैठने का विशेष मौका दिया गया है। इन लाभार्थियों में 10वीं कक्षा के 222 और 12वीं के 154 छात्र शामिल हैं। डा. शर्मा ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया तीन अगस्त, 2026 से शुरू हो जाएगी। छात्र अपने संबंधित स्कूलों के माध्यम से छह अगस्त, 2026 तक बिना किसी विलंब शुल्क के अपना फॉर्म भर सकते हैं। डा. राजेश शर्मा ने प्रदेश के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और संस्था प्रमुखों से विशेष आग्रह किया है कि वे इस बात को सुनिश्चित करें कि सभी पात्र छात्रों के ऑनलाइन आवेदन समय रहते पूरे हो जाएं। कोई भी छात्र जानकारी के अभाव में इस मौके से वंचित न रहे।

### पुराने प्रैक्टिकल अंक ही रहेंगे मान्य

**बोर्ड अध्यक्ष** ने छात्रों के संशय को दूर करते हुए स्पष्ट किया है कि मुख्य परीक्षा में प्राप्त आंतरिक मूल्यांकन (इंटरनल असेसमेंट) और प्रायोगिक परीक्षा (प्रैक्टिकल) के अंक पहले की तरह ही मान्य रहेंगे। छात्रों को हिदायत दी गई है कि वे केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत ही आवेदन करें। अपूर्ण या किसी अन्य (ऑफलाइन) माध्यम से भेजे गए आवेदन पत्र बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### लेट फीस लगेगी

**अगर कोई छात्र** चूक जाता है, तो वह 10 अगस्त, 2026 तक 1000 रुपए की लेट फीस के साथ आवेदन कर सकेगा। 10वीं कंपार्टमेंट, 10वीं आवश्यक सुधार और 12वीं कंपार्टमेंट श्रेणी के लिए परीक्षा शुल्क 700 रुपए निर्धारित किया गया है।

दिव्य हिमाचल
Divya Himachal Dharamsala+ Mera Kangra +Aastha
Fri, 31 July 2026

Amarujala 31-07-2026

# शिक्षा बोर्ड 10वीं-12वीं के 377 छात्रों को पास होने के लिए देगा विशेष मौका

## पुनर्मूल्यांकन में फेल से कंपार्टमेंट श्रेणी में बदले छात्र, सप्लीमेंट्री परीक्षा से रहे थे वंचित

संवाद न्यूज एजेंसी



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा के 377 विद्यार्थियों को पास होने का विशेष मौका देगा। मार्च की बोर्ड परीक्षाओं में फेल हुए जिन छात्रों का परिणाम पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण के बाद कंपार्टमेंट या एसेंशियल इम्प्रूवमेंट में बदला है, उन्हें सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए वन टाइम स्पेशल चांस दिया जाएगा।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च की नियमित परीक्षाओं के बाद कई विद्यार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था। संशोधित परिणाम में मैट्रिक (10वीं) के 222 और जमा दो (12वीं) के 155 परीक्षार्थियों का परिणाम कंपार्टमेंट श्रेणी में आ गया। हालांकि, जब तक यह परिणाम घोषित हुआ, तब तक जुलाई की अनुपूरक परीक्षाएं संपन्न हो चुकी थीं।

**बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा बोले, जल्द जारी होगी आवेदन और परीक्षा की तिथियां**

परिणाम देरी से आने के कारण ये छात्र जुलाई की परीक्षा में बैठने से चूक गए थे और उनका पूरा साल खराब होने की नौबत आ गई थी। छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने यह विशेष मौका देने का निर्णय लिया है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया और परीक्षा की तिथियों की अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी।

## तकनीकी विवि में बी फार्मेसी, बीटेक में 285 अभ्यर्थियों की लेटरल एंट्री

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री), बीटेक (लेटरल एंट्री) की पहले चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग की 285 सीटें आवंटित की हैं। बीटेक में 153 और बी फार्मेसी में 132 सीटें हैं। बीटेक व बी फार्मेसी में सीटों का आवंटन डिप्लोमा की मेरिट के आधार पर किया गया है। इसके अलावा बी आर्क, एमटेक (सभी विषय) के नए सत्र में प्रवेश के लिए भी पहले चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग हुई, जिसमें बी आर्क की 21 सीटें और एमटेक में 19 सीटें आवंटित की गईं। एमबीए और एमसीए के तीसरे चरण की काउंसलिंग में 137 सीटें मेरिट के आधार आवंटित की गईं। एमसीए की 76 और एमबीए 61 सीटें शामिल हैं। विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि काउंसलिंग ऑनलाइन माध्यम से हुई है। जिन्हें सीटें आवंटित हुई हैं, उन्हें संबंधित शिक्षण संस्थान में 31 जुलाई शाम पांच बजे तक रिपोर्ट करनी होगी। संवाद

### एचपीयू में एलएलबी, बीटेक समेत कई नई कक्षाएं शुरु

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की नई कक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई हैं। विश्वविद्यालय ने इन पाठ्यक्रमों का कक्षा कार्यक्रम (टाइम टेबल) जारी कर दिया है, जिसके बाद विभागों में नियमित शिक्षण कार्य आरंभ हो गया है। जिन पाठ्यक्रमों की कक्षाएं आज से शुरू हुई हैं, उनमें एलएलबी प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर, एमएससी फॉरेंसिक साइंस प्रथम सेमेस्टर, एमपीएड, एमए शारीरिक शिक्षा प्रथम और तृतीय सेमेस्टर, पीएचडी पाठ्यक्रम, एमटीटीएम के विषम सेमेस्टर, एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार के विषम सेमेस्टर, एमए समाजशास्त्र, एमए सोशल वर्क तथा बीटेक के विषम सेमेस्टर शामिल हैं। संवाद

# फेल से कंपार्टमेंट में आए छात्रों को राहत, शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का परीक्षा का 'स्पेशल चांस' देने का ऐलान

**अनंत ज्ञान** : 31-07-2026

## ◆ 10वीं के 222 और 12वीं के 155 परीक्षार्थियों का एक साल बर्बाद होने से बचा

**ब्यूरो धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने उन सैकड़ों विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है, जो मार्च-2026 की बोर्ड परीक्षाओं में फेल हो गए थे, लेकिन री-इवैल्यूएशन के बाद उनकी उम्मीदें फिर से जाग गई हैं। ऐसे विद्यार्थी जिनका परिणाम पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के बाद 'फेल' से 'कंपार्टमेंट' या 'एसेंशियल इम्प्रूवमेंट' की श्रेणी में बदला है, उन्हें बोर्ड परीक्षा पास करने के लिए एक 'वन-टाइम स्पेशल चांस' (एकमुश्त विशेष अवसर) देने जा रहा है। बोर्ड का यह संवेदनशील निर्णय उन छात्रों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है, जो जुलाई में हुई अनुपूरक परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह गए थे।

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस अहम फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मार्च 2026 में आयोजित 10वीं (मैट्रिक) और 12वीं (जमा दो) की नियमित परीक्षाओं के बाद कई छात्रों ने अपने अंकों से असंतुष्ट होकर पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था। जब इन आवेदनों का संशोधित परिणाम घोषित हुआ, तो मैट्रिक के 222 और जमा दो के 155 परीक्षार्थियों का परिणाम सुधरकर 'अनुत्तीर्ण' से ' ज़रूरी सुधार/कम्पार्टमेंट में तब्दील हो गया। इन 377 विद्यार्थियों के सामने सबसे बड़ी दुविधा यह खड़ी हो गई थी कि जब तक उनका यह संशोधित परिणाम आया, तब तक जुलाई 2026 में आयोजित होने वाली अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) या द्वितीय परीक्षा संपन्न हो चुकी थी। परिणाम देरी से आने के कारण ये छात्र उस परीक्षा में बैठने से पूरी तरह चूक गए थे। ऐसे में इन विद्यार्थियों का एक पूरा शैक्षणिक वर्ष दांव पर लगा था। विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने और उनके शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए, शिक्षा बोर्ड ने इन सभी पात्र परीक्षार्थियों को यह विशेष मौका देने का न्यायसंगत निर्णय लिया है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि शिक्षा बोर्ड हमेशा से विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आया है और विद्यार्थी-केंद्रित निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस विशेष परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया कैसे होगी व परीक्षा की तिथियां क्या होंगी, इस संबंध में एक विस्तृत अधिसूचना बोर्ड द्वारा जल्द ही आधिकारिक तौर पर जारी की जाएगी।

Dainik Jagran:31-07-2026

# सितंबर में परीक्षा, तीन अगस्त से आरंभ होगी आवेदन की प्रक्रिया

**जागरण संवाद केंद्र धर्मशाला :** स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित दसवीं और जमा दो वार्षिक परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन के परिणाम के बाद 376 विद्यार्थियों को सितंबर-2026 में होने वाली कम्पार्टमेंट और आवश्यक सुधार परीक्षा में बैठने का विशेष अवसर प्रदान किया है। इनमें दसवीं के 222 और जमा दो के 154 विद्यार्थी शामिल हैं।

बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा राज्य मुक्त विद्यालय की सितंबर परीक्षा के साथ आयोजित की जाएगी। पात्र विद्यार्थियों के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 3 अगस्त से आरंभ होगी। विद्यार्थी छह अगस्त तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकेंगे, जबकि 10 अगस्त तक 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। दसवीं कम्पार्टमेंट, आवश्यक सुधार और जमा दो कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए शुल्क 700 रुपये निर्धारित किया है। यह विशेष अवसर उन विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है, जो पुनर्मूल्यांकन के परिणाम के बाद कम्पार्टमेंट या आवश्यक सुधार श्रेणी में आए हैं। डा. राजेश शर्मा ने सभी पात्र विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय अवधि के भीतर अपने विद्यालयों के माध्यम से आनलाइन आवेदन करें। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्यों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दें। उधर, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर के स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार ने इस फैसले का आभार जताया है। इस फैसले से बच्चों को काफी लाभ मिलेगा।

HIMACHAL DASTAK:31-07-26

# 222 मैट्रिक व 154 जमा दो अभ्यर्थियों को विशेष अवसर


**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा मार्च-2026 में आयोजित मैट्रिक एवं जमा दो वार्षिक परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः जांच के परिणाम घोषित किए जाने के उपरांत 222 मैट्रिक एवं 154 जमा दो अभ्यर्थियों को सितंबर-2026 में आयोजित होने वाली कंपार्टमेंट एवं आवश्यक सुधार परीक्षा में सम्मिलित होने का विशेष अवसर प्रदान किया गया है। यह परीक्षा राज्य मुक्त विद्यालय की सितंबर-2026 परीक्षा के साथ आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 3 अगस्त से प्रारंभ होगी। अभ्यर्थी 6 अगस्त तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकेंगे, जबकि 10 अगस्त तक 1000 विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैट्रिक कंपार्टमेंट, मैट्रिक आवश्यक सुधार तथा जमा दो कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क 700 रुपये निर्धारित किया गया है। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यह विशेष अवसर उन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनः जांच के परिणामों के उपरांत कंपार्टमेंट अथवा आवश्यक सुधार श्रेणी में आए हैं। उन्होंने सभी पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित विद्यालयों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

JULY 31, 2026 FRIDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# HP BOARD GRANTS SPECIAL SEPTEMBER EXAM LIFELINE TO 376 STUDENTS

*Sunny Mahajan | Dharamshala*




The Himachal Pradesh Board of School Education isn't closing the book on 376 students just yet. Following a post-reevaluation shake-up of the March 2026 board results, 222 Class 10 and 154 Class 12 students have been tossed a crucial lifeline—a second shot at redemption in the upcoming September compartment and improvement exams.

Announcing the rescue mission from Dharamshala, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed these candidates will write their papers right alongside the State Open School examinees this September. But the window to claim this second chance is razor-thin. The online portal opens on August 3, giving students a tight three-day dash until August 6 to file their applications for a standard fee of ₹700. Procrastinators will pay a heavy price, as a steep ₹1,000 late penalty kicks in right after, slamming the doors shut for good on August 10.

The fine print works in the students' favor for once, as internal assessment and practical marks from the main exams carry over automatically. However, Sharma warned that half-baked applications or offline paperwork will be tossed straight into the bin. Urging school principals to hunt down eligible students and get them registered early, the Chairman made it clear that while HPBOSE is happy to throw a lifeline, it won't be waiting around for latecomers.

# Special Exam Opportunity for 222 Matric and 154 Class 12 Candidates; Schedule Released: Dr. Rajesh Sharma



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA JUL 30 : Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education, announced that following the declaration of re-evaluation and re-checking results for the Matric and Class 12 annual examinations held in March 2026, a special opportunity has been granted to 222 Matric and 154 Class 12 candidates to appear for the Compartment and 'Essential Improvement' examinations scheduled for September 2026. These exams will be conducted alongside the State Open School (SOS) examinations in September 2026. He stated that the online application process for eligible candidates will commence on August 3, 2026. According to the prescribed schedule, candidates can apply without a late fee until August 6, 2026, while applications with a late fee of ₹1,000 will be accepted until August 10, 2026. The examination fee has been fixed at ₹700 for Matric Compartment, Matric 'Essential Improvement', and Class 12 Compartment examinations. Dr. Rajesh Sharma emphasized that this special opportunity is crucial for students who have been placed in the Compartment or 'Essential Improvement' categories following the re-evaluation or re-checking results. He urged all eligible candidates to ensure they apply online through their respective schools within the stipulated timeframe. The Board Chairman also requested principals and heads of institutions to inform eligible students about the application process and ensure their online applications are submitted on time, so that no student misses out on this opportunity. He appealed to students to complete the application process in a timely manner rather than waiting for the deadline. He clarified that marks obtained in internal assessments and practical examinations during the main exam wherever applicable will remain valid as before. Additionally, he stated that incomplete applications or applications received through any means other than the prescribed procedure would not be accepted. Dr. Rajesh Sharma stated that the Himachal Pradesh Board of School Education remains steadfastly committed to safeguarding the academic interests of students and providing them with maximum opportunities. He expressed confidence that eligible students would avail themselves of this opportunity to give a new direction to their academic future.